सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल दिनांक 02 जून, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) शुक्रवार को भीमताल के भ्रमण पर रहे। उन्होंने भीमताल में बने रॉक हिल इन और महाजन होम स्टे का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने होम स्टे संचालकों से जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन उत्तराखण्ड की आर्थिक गतिविधियों का आधार है। होम स्टे योजना पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक लोगों को होम स्टे में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। सी.डी.ओ डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि इस वर्ष तक कुल 900 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हो चुके है जिनकी संख्या गत वर्ष में 200 थी। इस पर राज्यपाल ने सी.डी.ओ की प्रशंसा की और कहा कि इसमें निरंतर और अधिक वृद्धि की जाए।

राज्यपाल ने एमडी कुमाऊँ मंडल विकास निगम, डॉ. संदीप तिवारी से कहा कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानों में केएमवीएन की अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ठोस कार्य योजना बनाएं। उन्होंने मानसखण्ड क्षेत्रों में होम स्टे के लिए अधिक लोगों को प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों को यहां अधिक से अधिक गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें देश एवं विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के प्रयास करना होगा।

इस दौरान राज्यपाल ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर भीमताल क्षेत्र की चुनौतियों व समस्याओं पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि हमें ग्राम स्तर तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास करना होगा जिससे प्रत्येक व्यक्ति लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि हमें अधिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए निजी हितधारकों का सहयोग लेना होगा और उन्हें उनके व्यवसाय हेतु हर संभव सहायता प्रदान कि जाय। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की।

....

भीमताल भ्रमण के दौरान टीआरएच भीमताल में राज्यपाल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से उनके व्यवसाय में आ रही समस्याओं, चुनौतियों व उत्पादों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह उत्तराखण्ड में आर्थिक प्रगति ला सकते है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की पैकेजिंग के साथ–साथ अपने उत्पादों में वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दे।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के उत्पाद निःसंदेह विश्वस्तरीय हैं उनको केवल ब्रांडिंग की जरूरत है। हमें अपने उत्पादों को लोकल से ग्लोबल तक ले जाने की जरूरत है जिसमें बेहतर पैकेजिंग मददगार हो सकती है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह अपने उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग भी करें ताकि उनके उत्पादों की जहां बेहतर बिक्री होगी वहीं उन्हें अच्छा मूल्य भी प्राप्त होगा।

....

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0/फै0 05942–235001–3

शुक्रवार को राज्यपाल ने भीमताल भ्रमण के दौरान भीमताल व भवाली होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। टीआरएच भीमताल में पदाधिकारियों के साथ बैठक में राज्यपाल ने होटल संचालन में आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की और उनके सुझाव लिए।

राज्यपाल ने कहा कि हमें पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में विश्व भर के लोग आध्यात्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन सहित यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ उठाने आते हैं। हमें उन्हें विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रखने के साथ–साथ उनके लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने राज्यपाल को विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया। पदाधिकारियों ने भीमताल व भवाली में ट्रैफिक जाम की समस्या, वाहनों की पार्किंग की समस्या, रोड कनेक्टिविटी आदि प्रमुख रहीं। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि भीमताल में झील यहां के मुख्य आकर्षण का केंद्र है। झील के सौंदर्यीकरण के लिए ठोस योजना बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने झील में साफ–सफाई, झील के किनारे में सौंदर्यीकरण व फुटपाथ की व्यवस्था और झील के चारों और लाइटिंग की व्यवस्था का सुझाव दिया। उन्होंने उपरोक्त कार्यों को झील विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराए जाने का सुझाव दिया। बैठक में राज्यपाल ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर होटल एसोसिएशन भवाली व भीमताल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

..........0..........